आकाशवाणी जयपुर-अजमेर

प्रादेशिक समाचार

दिनांक: 19.08.2026 समय: 18.30 पीएम

- प्रदेश में नगर निकाय चुनाव कार्यक्रम की घोषणा-आचार संहिता लागू।
- 309 स्थानीय निकायों में 9 और 11 सितम्बर को 2 चरणों में मतदान होगा।
- 16वीं राजस्थान विधानसभा का छठा सत्र कल से-सत्ता पक्ष और विपक्ष ने अपने सदस्यों के साथ बैठक कर रणनीति तय की।
- चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने सरकारी कैंसर इंजेक्शन के दिल्ली में कथित रूप से अवैध बिक्री के मामले में गहन जांच करने के निर्देश दिये।

000

प्रदेश में 309 स्थानीय निकायों के चुनाव दो चरणों में होंगे। राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने आज जयपुर में प्रेसवार्ता कर शहरी निकाय चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की। इसके साथ ही संबंधित क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि एक राज्य-एक चुनाव के तहत ये चुनाव करवाए जाएंगे। निकाय चुनाव में 39 जिलों को शामिल किया गया है। पहले चरण का मतदान 9 सितम्बर, वहीं 11 सितम्बर को दूसरे चरण के वोट डाले जाएंगे। वोटों की गिनती 14 सितम्बर को की जाएगी। नगर परिषद सभापति और नगरपालिका अध्यक्ष का चुनाव 21 सितम्बर को होगा। निकाय चुनाव सदस्य पद की अधिसूचना 27 अगस्त को जारी की जाएगी। इसके साथ ही प्रत्याशियों के नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

----------------

राज्य के 309 नगरीय निकायों में 10 नगर निगम, 47 नगर परिषद और 252 नगर पालिकाएं शामिल हैं। इन चुनावों में 1 करोड़ 44 लाख से अधिक वोटर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि जयपुर नगर निगम में सबसे अधिक मतदाता हैं। वहीं बूंदी के इंद्रगढ़ में सबसे कम वोटर हैं।

----------------

ये चुनाव ईवीएम से करवाए जाएंगे। इसके लिए आयोग ने सभी जिलों को पर्याप्त मशीनों का आवंटन कर दिया है। चुनाव कार्य के लिए 1 लाख 15 हजार से अधिक कार्मिक नियोजित किये जाएंगे। गौरतलब है कि दो से अधिक संतान वाले प्रत्याशियों के चुनाव लड़ने पर रोक हटाई जा चुकी है। निकाय चुनाव को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।

000

16वीं राजस्थान विधानसभा का छठा सत्र कल से शुरू हो रहा है। इस सत्र की शुरूआत सुबह 11 बजे से होगी। मॉनसून सत्र के लगभग पांच दिन चलने की संभावना है। इस दौरान राजस्थान समान नागरिक संहिता विधेयक-2026 और राजस्थान वृक्ष संरक्षण विधेयक पेश किये जा सकते हैं। साथ ही वाणिज्य कर और अन्य संशोधन विधेयक भी सदन में रखे जा सकते हैं। सत्र से पहले विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की अध्यक्षता में कल सर्वदलीय बैठक हुई। इसमें सदन के संभावित कामकाज और कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाने पर चर्चा की गई। मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि सरकार हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। मॉनसून सत्र के लिए सत्ता पक्ष और विपक्ष ने अपने-अपने सदस्यों के साथ बैठक कर रणनीति तैयार की। इससे पहले, विधानसभा का पांचवां सत्र इस साल 28 जनवरी से शुरू होकर 10 मार्च तक चला था।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में आज कई अहम फैसले लिये गये। बैठक के बाद केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेन्स कर इनकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने पांच परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इनमें चार रेलवे और एक राजमार्ग परियोजना शामिल है। श्री वैष्णव ने बताया कि इन परियोजनाओं पर करीब 13 हजार 41 करोड़ रुपये खर्च किये जाएंगे। उन्होंने कहा कि इन विस्तारित रेलवे लाइनों के पूरा होने से आवागमन में सुधार होगा। साथ ही रेलवे की परिचालन दक्षता में भी बढ़ोतरी होगी।

000

प्रदेश में उद्योग और निवेश से जुड़ी प्रक्रियाओं को सरल बनाने के लिए किये जा रहे कामों के सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं। इस साल अप्रैल से जुलाई महीने के दौरान प्रदेश में लगभग 2 करोड़ 37 लाख रुपये के निवेश आशय मिले हैं। डी-रेगुलेशन फेज़-वन की इम्पैक्ट असेसमेंट रिपोर्ट में ये जानकारी दी गई है। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने बताया कि इसमें जुलाई महीने में 93 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश आशय शामिल हैं। उन्होंने बताया कि उद्योगों से जुड़ी प्रक्रियाओं को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए लगातार काम किया जा रहा है।

000

चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने सरकारी कैंसर इंजेक्शन की दिल्ली में कथित रूप से अवैध बिक्री के मामले में सख्त कार्रवाई के निर्देश दिये हैं। श्री खींवसर ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को प्रकरण की तथ्यात्मक जांच करने को कहा है। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों में इलाज के लिए उपलब्ध कराई जा रही मंहगी जीवन रक्षक दवाओं की किसी स्तर पर कालाबाजारी और अवैध बिक्री बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बीकानेर के सरकारी कैंसर अस्पताल के लिए आर.एम.एस.सी.एल. के माध्यम से भेजे गये इंजेक्शंस की दिल्ली में कथित रूप से बिक्री की बात सामने आने के बाद चिकित्सा मंत्री ने पूरी सप्लाई चैन, स्टॉक रजिस्टर और अन्य रिकॉर्ड की तत्काल जांच के निर्देश दिये हैं। श्री खींवसर ने अधिकारियों को सरकारी दवाओं की सप्लाई और वितरण व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और मजबूत बनाने को कहा है।

000

चित्तौड़गढ़ के बड़ी सादड़ी में आज एक कार से करीब 18 किलो से अधिक अफीम जब्त की गई। केन्द्रीय नार्कोटिक्स ब्यूरो की ओर से नशा मुक्त अभियान के तहत बोहेड़ा गांव से ये जब्ती की गई। उप नार्कोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल ने बताया कि पकड़ी गई अफीम की कीमत 75 लाख रुपये से अधिक है। ये अवैध अफीम बाड़मेर ले जाई जा रही थी।

000

सतर्कता जागरुकता सप्ताह के तहत प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम हो रहे हैं। इनके माध्यम से लोगों को साइबर ठगी और मनी म्यूल अकाउंट के बारे में बताया जा रहा है। इसी कड़ी में आज पाली में राजस्थान ग्रामीण बैंक की ओर से जनजागृति कार्यक्रम रखा गया। बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक भुवन व्यास ने डिजिटल लेनदेन में सावधानी बरतने और किसी भी अंजान व्यक्ति से निजी जानकारी साझा नहीं करने के बारे में लोगों को जागरुक किया।

000

कोटा में आज राजभाषा हिंदी के महत्व और डिजिटल युग में उसकी संभावनाएं विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन और केंद्रीय संचार ब्यूरों के क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से हुई इस संगोष्ठी में हिंदी के प्रभावी उपयोग को बढ़ावा देने का संकल्प लिया गया। क्षेत्रीय आयुक्त सुधीर बत्रा ने कहा कि प्रशासन में व्यावहारिक हिंदी का उपयोग पारदर्शिता और जनसंपर्क को अधिक प्रभावी बनाता है। वहीं सीबीसी के सहायक निदेशक रामेश्वर लाल मीणा ने राजभाषा हिंदी के स्वरूप और डिजिटल युग में उसकी बढ़ती उपयोगिता पर प्रकाश डाला। श्री

मीणा ने कहा कि सोशल मीडिया, आनलाईन शिक्षा और एआई के दौर में हिंदी, तकनीक की सशक्त भाषा के रूप में उभर रही है।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने भरतपुर के पैरा शूटर रुद्रांश खंडेलवाल का अर्जुन पुरस्कार के लिए चयन होने पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में श्री बागड़े कहा कि रुद्रांश ने शूटिंग में असाधारण प्रदर्शन कर पूरे प्रदेश को गौरवान्वित किया है। गौरतलब है कि एक हादसे में अपना पैर गंवाने वाले रुद्रांश ने हिम्मत नहीं हारी और निशानेबाजी को ही अपने जीवन का लक्ष्य बना लिया। उन्होंने शूटिंग में चार बार वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाए हैं। वे पेरिस पैरालंपिक में देश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। साथ ही एशियन गेम्स 2023 में भी उन्होंने दो रजत पदक अपने नाम किये थे।

000

आज वर्ल्ड फोटोग्राफी डे है। ये दिन छायांकन कला के इतिहास और समाज में इसके महत्व का जश्न मनाने के लिए समर्पित है। एक अच्छी तस्वीर समय, समाज और इतिहास के पलों को सुरक्षित करती है। एक रिपोर्ट -

000